दिनांक : 10 .07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अफ्रिका महाद्वीप को मूल्य, सृजन और सतत विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा फर्नीचर के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये राजस्थान और मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।
- गुरूपूर्णिमा आज। मध्यप्रदेश में दो दिवसीय महोत्सव के तहत हो रहे हैं कई कार्यक्रम।
- तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत का पदक सुनिश्चित। फाइनल मुकाबला 12 जुलाई को चीनी ताईपे से होगा।

प्रधानमंत्री-नामीबिया संसद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि अफ्रीका को केवल कच्चे माल के स्रोत के रूप में नहीं, एक ऐसे महाद्वीप के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसे मूल्य सृजन और सतत विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्रीकी संघ के एजेंडा 2063, विशेष रूप से इसके औद्योगीकरण लक्ष्यों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन को दोहराया। उन्होंने रक्षा और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश न केवल अपने अतीत को संजोते हैं, बल्कि अपने साझा भविष्य की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नामीबिया के मुक्ति संग्राम में गर्व से उनके साथ खड़े रहे।

श्री मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण के बारे में बेहद चिंतित है और केवल व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, बल्कि दुनिया के साथ मिलकर बढ़ने में विश्वास रखता है।

कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल भोपाल में राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा कैबिनेट बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली वितरण कंपनियों में 49263 नये पदों को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कृषि सिंचाई जलकर की राशि पर ब्याज और दंड राशि को सरकार ने माफ कर दिया है। इसके प्रदेश के 35 लाख किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में 66 नवीन आंगनवाड़ी प्रारम्भ होंगी। इसके लिये नवीन पद और आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए राशि मंजूर की गई है।

मुख्यमंत्री-जोधपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल राजस्थान के जोधपुर प्रवास के दौरान विभिन्न फर्नीचर, टिंबर व्यवसाइयों और होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सघन वन संपदा है। मध्यप्रदेश जैसे सागौन वन कहीं नहीं है। फर्नीचर व्यवसाय में इनको बढ़ावा देते हुए राजस्थान और मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। मध्यप्रदेश में उद्योगों और व्यवसायों के उन्नयन के साथ नवीन निवेश आ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र में अनेक नवाचार भी किए गए हैं। नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निजी संस्थाओं को रियायती दर पर भूमि और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिस प्रदेश में सिर्फ पांच मेडिकल कॉलेज थे वहां आज 36 मेडिकल कॉलेज हैं। आने वाले 2 वर्ष में इनकी संख्या 50 हो जाएगी।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव

प्रदेशभर में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा का उत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरू दीक्षाए, सांस्कृतिक सभाएं और गुरू शिष्य परम्परा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस मौके पर विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे और विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण का शुभारंभ करेंगे।

खंडवा-निमाड़ के अवधूत दादा जी धूनी वाले की समाधि पर आज 108 दीपकों से आरती होगी। साथ ही विशेष पूजा अर्चना की जा रही हैं। नर्मदापुरम में आश्रमों और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर गुरुओं वंदना कर दीक्षा ली जा रही है। नर्मदापुरम में इस अवसर पर कई मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। जबलपुर के गौर तट, ग्राम सलैया, पड़वार में गुरुचरणों की छांव में आध्यात्मिक आयोजन होंगे।

मौसम

प्रदेश में हो रही भारी बारिश से मंडला, नरसिंहपुर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। राजधानी भोपाल में भी कल जमकर बादल बरसे। वहीं नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, इससे कई रास्ते बंद हैं। नरसिंहपुर के कई गांव पानी में डूब गए। प्रदेश में अब तक औसत 14 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 74 प्रतिशत से ज्यादा है। मौसम विभाग ने बालाघाट जिले में अत्यधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा सतना, छिन्दवाड़ा, भिंड, मुरैना सहित 12 जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाकी सभी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में नर्मदापुरम और बालाघाट जिले में भारी बारिश हो रही है। बालाघाट के कटंगी में करीब 8 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं पंचमढ़ी में 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई है।

विम्बलडन

विम्बलडन में पुरूष और महिला सिंगल्स सेमीफाइनल तय हो गये हैं। पुरूष सिंगल्स सेमीफाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच का मुकाबला इटली के यानिक सिनर से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में मौजूदा चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज का मुकाबला अमरीका के टेलर फ्रित्ज से होगा।

महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का मुकाबला अमरीका की अमांडा एनीसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में पोलैंड की इगा स्वियाटेक का मुकाबला स्विटजरलैंड की बेलिंड़ा बेनचिच से होगा।

तीरंदाजी विश्व कप

स्पेन में मैड्रिड तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत का पदक सुनिश्चित हो गया है। महिलाओं की कम्पाउंड टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में कल भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम, पृथिका प्रदीप और परनीत कौर की टीम ने इंडोनेशिया को 226 के मुकाबले 230 अंक से हराया। क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम ने एल-साल्वाडोर को पराजित किया था। शनिवार को फाइनल में भारत का मुकाबला चीनी ताइपे से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

शिवपुरी जिले में कल जिला प्रशासन जांच दल ने शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न दूध डेयरी से मावा एवं दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे।

आगरमालवा जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु भर्ती के संबंध में मार्गदर्शन के लिए कल विशेष ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सत्र का आयोजन किया गया।

निवाडी जिले में जून, जुलाई, अगस्त के एकमुश्त राशन वितरण की अवधि 15 जुलाई तक बढ़ाई गई है।

इंदौर जिले के भैंसलाय में बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा संचालित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा 31 दिवसीय दिवसीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण 15 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा।

मंडला जिले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला सोनल सिडाम ने कल ग्राम भंवरदा एवं बरबसपुर के ग्राम देवरीदादर को हस्तांतरित नल जल योजना का निरीक्षण किया।

गुना जिले में कल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यशाला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रतलाम मंडल रतलाम के एनेक्सी हॉल में ''रेल सेवा पुरस्कार-2024'' कार्यक्रम विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया।